प्रेस नोट-जनपद सीतापुर

थाना महोली साइबर पुलिस की त्वरित कार्रवाई से पीड़ितों के चेहरे पर लौटी मुस्कान

थाना महोली साइबर हेल्प डेस्क का सराहनीय कार्य, अक्टूबर माह में 10 पीड़ितों के साइबर ठगी के करीब ₹89,868.37 वापस कराए

दिनांकः-30.10.2026

पुलिस अधीक्षक सीतापुर श्री अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्री दुर्गेश कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी महोली श्री नागेन्द्र चौबे के निकट पर्यवेक्षण में साइबर अपराधियों एवं म्यूल अकाउंट (Mule Accounts) के विरुद्ध जनपद में एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत आज दिनांक 30.10.2026 को थाना महोली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना महोली की साइबर हेल्प डेस्क द्वारा माह अक्टूबर में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए 10 पीड़ितों के कुल ₹89,868.37 (रुपये नवासी हजार आठ सौ अड़सठ एवं सैंतीस पैसे) सफलतापूर्वक वापस कराए गए हैं।

त्वरित कार्रवाही से मिली सफलता

माह अक्टूबर में साइबर ठगी से संबंधित प्राप्त शिकायतों का तत्काल संज्ञान लेते हुए साइबर हेल्प डेस्क थाना महोली ने संबंधित बैंकों तथा NCRP/MHRD (National Cyber Crime Reporting Portal) पोर्टल के माध्यम से निरंतर समन्वय स्थापित किया। पुलिस की इस तत्परता के चलते ठगी गई पूरी धनराशि सुरक्षित रूप से पीड़ितों के खातों में वापस कराई जा सकी। अपनी गाढ़ी कमाई की धनराशि वापस मिलने पर सभी पीड़ितों ने थाना महोली पुलिस तथा साइबर हेल्प डेस्क की त्वरित कार्रवाई की भूरि-भूरि प्रशंसा की एवं आभार व्यक्त किया।

आमजन के लिए सतर्कता एवं जागरूकता अपील

- किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपनी बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी जैसे OTP, ATM PIN, UPI PIN या Password साझा न करें।
- किसी भी अनजान व्यक्ति द्वारा भेजे गए संदिग्ध लिंक, लुभावने ऑफर या अनजान APK फाइल पर क्लिक न करें।

- यदि आप किसी भी प्रकार की साइबर ठगी का शिकार होते हैं, तो बिना समय गंवाए तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें या www.cybercrime.gov.in पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं।

पुलिस टीम थाना महोली:-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री जे0बी0 पाण्डेय
2. आरक्षी उमेश कुमार
3. आरक्षी प्रहलाद राजपूत
4. महिला आरक्षी कंचन यादव

"आपकी सतर्कता ही साइबर अपराध से आपकी सबसे बड़ी सुरक्षा है।"